श्लोक—सिंहासने सुवर्णस्य नाना रत्नोप शोभिते।
अनन्त फण पत्रस्य उपविश्यासने प्रभो॥

७. पाद्य देने का मंत्र—

श्लोक—स्नानार्थ स्वगच्छतोयानि गंधपुष्पयुतानि च।
पादं गृहाण देवेश, भक्त अनुग्रह कारक॥

८. अर्घ्य देने का मंत्र—

श्लोक—शंख तोयं समानीतं गंध पुष्पादि वासितम्।
अर्घ्यं गृहाण देवेश प्रीत्यर्थ सदा प्रभे॥

९. पंचामृत स्नान मंत्र—

श्लोक—दधि दुग्धं मधुः सर्पिः सर्करा च तथा प्रभो।
समर्पयामि देवेश प्रीत्यर्थ प्रतिगृह्यताम्॥

१०. जल स्नान मन्त्र—

श्लोक—गंगा सरस्वती तापी पयोष्णी नर्मदार्कजा।
तज्जलैः स्नापिता देव तेन शान्ति कुरुष्व मे॥

११. वस्त्र धारण मंत्र—

श्लोक—शीत वातोष्ण संत्राणं पर लज्जा निवारणम्।
सुवेषं धारितं यस्माद्वाससी प्रति गृह्यताम्॥

१२. यज्ञोपवीत धारण करने का मन्त्र्—

श्लोक—ब्राह्मणं निर्मितं सूत्र विष्णु ग्रन्थि समन्वितम्।
इदं यज्ञोपवीतं च गृह्यताम तु जनार्दन॥

१३. आभूषण धारण करने का मन्त्र—

श्लोक—किरीटं कुण्डलं हारं कंकणांगद नूपुरम्।
नाना रत्नमयं त्वंगे भूषण प्रति गृह्यताम्॥

१४. चन्दन अर्पण करने का मन्त्र्—

श्लोक—मलयाचल संभूतं शीतमानन्द वर्धनम्।
काश्मीर धनसाराढ्य चन्दनं प्रतिगृह्यताम्॥

१५. तुलसी अर्पण करने का मन्त्र—

श्लोक—युग्म पत्राभ्यां संयुक्तां मञ्जरी मध्य संस्थिताम्।
ददामि राम प्रीत्यर्थ गृहाण जगदीश्वर॥

१६. पुष्प अर्पण करने का मन्त्र—

श्लोक—नाना बिधानि पुष्पाणि ऋतु कालोम्द्वानि च।
मयार्पितानि सर्वाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यतम्॥

१७. धूप देने का मन्त्र—

श्लोक—वनस्पति रसोद्भूतं सुगन्धाढ्यो सुमनोहरः।
आघ्रेयः सर्व देवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

१८. दीप दिखाने का मन्त्र—

श्लोक—घृतवर्ति समायुक्तं तथा कर्पूर संयुतम्।
दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक तिमिरापऽहम्॥

१९. नैवेद्य लगाने का मन्त्र—

श्लोक—अन्नं चतुर्बिधं स्वाद रसैः षडभिः समन्वितम्।
भक्ष्यं भोज्यं समायुक्तं नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्॥

२०. अर्घ्य देने का मन्त्र—

श्लोक— श्री सीतारामाभ्यां नमः। श्री रामभद्राय नमः।
श्रीरामचन्द्राय नमः॥

२१. जल अर्पण करने का मन्त्र—

श्लोक—गंगा तीर्थं नदीनां तु सुगन्धाढ्यं सुनिर्मलम्।
पानार्थमुदकं पुण्यं गृहाण जगदीश्वर॥

२२. ताम्बूल अर्पण करने का मन्त्र—

श्लोक—नाग वल्ली दलं दिव्यं चूर्ण खादिर संयुतम्।
वक्त्र सौरभ्य कृत्स्वादु ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्॥

२३. तीन बार आचमन करावें—

श्लोक—श्री सीतारामाभ्यां नमः। श्री रामभद्राय: नमः।
श्री रामचन्द्राय नमः॥

२४. आरती करने का मन्त्र—

श्लोक—सुदीप्त घृतकर्पूरं पूरितं सप्त वर्तिकम्।
आर्तिक्यं देव देवेश संगृहाण मध्यार्पितम्॥

२५. आरती करने की विधि—

श्री चरण कमलों में चार बार, नाभि में दो बार मुखारबिन्द में एक बार तथा सर्वांग में सात बार, कुल मिलाकर चौदह आरती उतारें।

दोहा—चारि चरण युग देश कटि मुख मण्डल एक बार।
सातबार सर्वांग में येहि विधि आरती उतार॥

पढ़ो समझो और करो

वैष्णव के चिह्न—(पद्मपुराण)

श्लोक—आद्यस्तु वैष्णवः प्रोक्ताः धनुर्वाणांकितो हरेः।
तुलसी योर्ध्वपुण्ड्राणां तन्मन्त्राणां परिग्रहः॥

अर्थ—जिसके गले में तुलसी की माला हो गुरु के द्वारा रामकृष्णादि मन्त्र प्राप्त किया हो, और धनुष वाणादि जिसकी भुजाओं में अंकित हैं ऐसे वीर पुरुष को वैष्णव कहते हैं।

२८. गुरु दीक्षा के बिना सब व्यर्थ हैं।

श्लोक—आदिक्षितताये कुर्यन्ति जप पूजादिकाः किया।
न फलाति प्रिय तेषां शिलाया गुप्त बीजवत्॥

अर्थ—भगवान शिव कहते हैं हे पार्वती! अदीक्षित अर्थात् गुरु किये बिना मनुष्य जो जप तप पूजादिक कर्म करता है व पत्थर में बीज बोने के समान सब व्यर्थ है। (पदम पुराण स्रष्टी खण्ड) ॥२८॥

गुरु कैसा बनाना चाहिए—

श्लोक—गुरुः निर्मल शान्तात्मा साधवोमितभाषिणः।
काम क्रोध विनिर्मुक्तः सदाचार जितेन्द्रियः॥२९॥

अर्थ—जिसकी बुद्धि पवित्र हो शान्त स्वभाव, साधवों चित आचरण वाला हो, बोले थोड़ा किन्तु हितकर वचन कहने वाला हो, काम क्रोधादि दोषों से मुक्त हो, ऐसा गुरु बनाना चाहिए॥२९॥

श्री गुरु महाराज जी के द्वारा जो राममन्त्र प्राप्त किया हुआ, नित्य जपते हैं वे परम पद को प्राप्त होते हैं।

मन्दिर में जाने का माहात्म्य

श्लोक—हरि मन्दिरमालक्ष्य यदि गच्छेत् शनैः शनैः।
पदे पदेऽश्वमेधस्य फलमाप्नोति मानवः॥

अर्थ— भगवान के मन्दिर में जाने के विचार से मनुष्य जितने पग आगे बढ़ता है, उतने अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। (तौ पादौ सफलं, उनके पैर सफल होते हैं। (स्कन्दपुराण) ॥३०॥

भगवान के दर्शन का माहात्म्य—

श्लोक—दर्शनस्य माधवस्यापि भस्मी भवति पातकः।
आजन्म संचितान्याय मोचियिष्यति तन्मुनेः॥

अर्थ—हे मुनि भगवान के दर्शन से वर्तमान और अनेक जन्म के पाप भस्म हो जाते हैं॥३१॥

श्लोक—सकर्ता सर्व धर्माणां येन पश्यति केशवः।

अर्थ—अर्थात् वही सब धर्मों का कर्त्ता है जो भगवान के दर्शन करता है॥३२॥

प्रदक्षिणा माहात्म्य

श्लोक—हरि प्रदक्षिणे प्राज्ञो यदि गच्छेत् शनैः शनैः।
पदे पदेऽश्वमेधस्य फल प्राप्नोति मानवः॥३३॥

अर्थ—भगवान की प्रदक्षिणा में प्राणी जितने पैर उठाते हैं पग पग पर अश्वमेध यज्ञ का फल होता है।

भगवान को दण्डवत करने का फल

अर्थ—भगवान को जो दण्डवत करते हैं, उनके साथ उनके पाप भी पृथ्वी पर गिर जाते हैं, फिर उनके साथ पाप नहीं उठते।

भगवान को दण्डवत करते समय जितने रजकण शरीर में लगते हैं उतने हजार वर्ष तक वे मनुष्य भगवान के लोक में निवास करते हैं।

चरणामृत का माहात्म्य

अर्थ—भगवान के चरणामृत को जो क्षणभर भी मस्तक पर धारण करता है, उसे तत्काल ही सब तीर्थों के स्नान का फल मिलता है और वह भगवान को प्रिय होता है। ध्यान रहे बाँये हाथ पर वस्त्र रखकर उसके ऊपर दाहिने हाथ में चरणोदक लेवें ताकि पृथ्वी पर न गिरने पावे।

नम्रता से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है

श्लोक—विनयाल्लभते धर्मं विनयाल्लभते यशः।
विनयाल्लभते वित्तं विनयात्किं न लभ्यते॥पद्मपु०॥

अर्थ—विनय से धर्म यश धन की प्राप्ति होती है। ऐसी कौन वस्तु है, जो विनय से न प्राप्त हो।

मन्दिर में बहारू लगाने का माहात्म्य

अर्थ—भगवान के मन्दिर में बहारू लगाने से जितने धूल कण उड़ते हैं उतने हजार युग वह भगवान के लोक में निवास करते हैं।

मन्दिर में चौका लगाने का माहात्म्य

अर्थ—भगवान के मन्दिर बहारने के बाद जो लीपते हैं वह सब पापों से मुक्त हो भगवान के धाम को प्राप्त होते हैं।

भगवान की सेवा पूजा का फल

अर्थ—हे द्विज जो एक बार भी भक्ति भाव से भगवान का भजन करते हैं, भगवान उनको अपना धाम दे देते हैं क्योंकि भगवान भक्त के आधीन हैं।

आरती करने और लेने का माहात्म्य

अर्थ—जो व्यक्ति कपूर के साथ भगवान की आरती करता है वह सब कुल समेत मुक्ति पाता है, जो कोई आरती लेकर अपने शरीर में स्पर्श करते हैं, उनको लाखों हजारों यज्ञों का फल प्राप्त होता है।

घड़ी घण्टादि बजाने का फल

श्लोक—मृदंग बादन युतं पनवैन समायुतम्।
अर्पणं बासुदेवस्य प्रत्यक्षं मोक्षदा नृणाम्।
कास्यञ्च करतालञ्च वेणु वादयते तु यः।
अन्ते विष्णुपुरं गत्वा विष्णुना सह मोदते॥ ३५ ॥

अर्थ—भगवान की आरती के समय जो मृदंग, ढोल, झाल, घण्टा, घड़ी, करताल, मञ्जीरा, झांझ, वंशी, आदि बजाते हैं, वे प्रत्यक्ष मोक्ष के भागी होते हैं और भगवान के लोक में जाकर भगवान के साथ आनन्द करते हैं। जो गाना गाते नृत्य करते बाजे बजाते संगीत-पाठ करते हैं, वे भगवान को प्रिय होते हैं॥ ३५ ॥

मन्दिर में नृत्यगान करने का माहात्म्य

श्लोक—विसृज्य लज्जां योऽधीते नृत्यते गायतेऽपि च।
कुलकोटि समायुक्तो लभते मामकं पद्म॥ ३६ ॥

विष्णु पुराण से-अर्थ—भगवान कहते हैं कि झूठी लोक-लज्जा को त्यागकर प्रेमपूर्वक जो मेरे सामने नाचते गाते हैं वे अपने करोड़ों कुल के सहित मेरे धाम को प्राप्त होते हैं।

भगवान को पंखा करने का फल

अर्थ—गर्मी के दिनों में जो ताड़-पत्र या पवित्र वस्त्र के पंखे से भगवान को हवा करते हैं, वे भगवान के धाम को प्राप्त होते हैं।

दर्पण दान का माहात्म्य

अर्थ— जो भगवान को दर्पण दान करते हैं वह रूपवान होते हैं और भगवान को सिंगार के बाद जो दर्पण दिखाते वे कभी भाग्यहीन नहीं होते।

जो भगवान को किरीट मुकुट कुण्डल अर्पण करते हैं वे चौदह इन्द्र तक भगवान की पुरी में निवास करते हैं।

मन्दिर जीर्णोद्धार का माहात्म्य

श्लोक—मूलाच्छत गुणं पुण्यं प्राप्नुयाज्जीर्ण कारकः।
तस्मात्सर्व प्रयत्नेन जीर्णस्योद्धारमाचरेत्॥ ३७॥

अर्थ—नवीन मन्दिर की अपेक्षा जो पुराने मन्दिर का जीर्णोद्धार करते हैं उन्हें सौगुना अधिक पुण्य प्राप्त होता है। अतएव जीर्ण मन्दिर का प्रयत्नपूर्वक उद्धार करना चाहिए। भगवान का कर्य समझकर पंचपात्रादि माँजना, चवंर करना पंखा करना फूल तुलसी लगाना, श्रृंगार सामग्री तैयार करना, माला बनाना, नैवेद्य तैयार करना, चन्दन उतारना आदि भगवान को का कार्य नियम पूर्वक करने से भगवान के कृपापात्र होते हैं और भगवान के धाम में उनका निवास होता है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। पूर्णश्रद्धा और दृढ़ भक्ति के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं होता है।

पद्मपुराण श्लोक—

पुरतो वासुदेवस्य दण्डवत पतितो भुवि।
पतन्ति पातकान्सर्वे नोतिष्ठन्ति पुनस्त्वह॥
यावद्रेणुभिन्नृणां भूषित स्यात्कलेवरम।
तावत्कल्प सहस्राणि तिष्ठन्ति हरि सन्निधौ॥

रामलला नहछू/सोहर छन्द

आदि शारदा गनपति गौरि मनाई हो।
रामलला कर नहछू गाई सुनाई हो॥
जेहि गाये सिधि होय परम निधि पाइय हो।
कोटि जन्म कर पातक दूरि हो जाइय हो॥
कोटिन्ह बाजन बाजहिं दशरथ के गृह हो।
देवलोक सब देखहिं आनन्द अति हिय हो॥१॥

नगर सोहावन बरनि न जातै हो।
कौशिल्या के हरष न हृदय समाते हो॥२॥
आलहिं बांस को मांड्व मनिगन पूरन हो।
मोतिन्ह झालरि लगि चहूँदिशि झूलन हो॥
गंगाजल कर कलश तो तुरति मंगाइय हो।
जुवतिन्ह मंगल गाइ रामअन्हवाइय हो॥३॥
गजमुकता हीरामनि चौक पुराइय हो।
देहु सुअरघ राम कहं लेइ बैठाइय हो॥
कनक खम्भ चहुँ ओर मध्य सिंहासन हो।
मानिकदीप बराय बैठि तेहि आसन हो॥४॥
बनि बनि आवति नारि जानि गृह मागन हो।
बिहँसित आई लोहारिनि हाथ बरायन हो॥
अहिरिन हाथ देहहि सुमन लेइ आवइ होय।
उनरत जोवनु देखि नृपति मन भावइ हो॥५॥
रूप सलोनी तँबोलिन बोरा हाथहिं हो।
जाकी ओर बिलोकहि मन तेरि साथहिं हो॥
दरजिनि गोरे गात लिहे कर जोरा हो।
केसरि परम लगाइ सुगन्धन बोरा हो॥६॥
मोचिनि बदन सकोचिनि हीरा माँगत हो।
पनहिं लिहे कर शोभित सुन्दर आँगन हो॥
बतिया सुधरि मलिनिया सुन्दर।
कनक रतनमनि मौरि लिहे मुसुकातहि हो॥७॥
कटि कै छबि बरिनिया छाता पानिहि हो।
चन्दबदनि मृगलोचनि सब रस खानिहिं हो॥

नैन विशाल नउनिया भी चमकावइ हो।
देइ गारि रनवासहिं प्रभु दत्त गावइ हो॥८॥
कौशिल्या की जेठि दीन्ह अनुशासन हो।
नहछू जाइ करावहु बैठि सिंहासन हो॥
गोद लिये कौशिल्या बैठि राहि बर हो।
सोभित दूलह राम सीता हर आँचर हो॥९॥
नाउनि अति गुनखानि तो बेगि बोलाई हो।
करि सिंगार अति लोन तौ बिहसति आई हो॥
कनक चुनिन सो लसित नहरनी लिय कर हो।
आनन्द हिय न समाइ देखि समहिं वर हो॥१०॥
कानन कनक तरीवन बेसारि साइह हो।
गज मुकुता कर हार कंठमनि सोहइ हो॥
कर कंकन कटि किंकिनी नुपूर वजाई हो।
सुनि के दीन्हीं सारी अधिक बिराजइ हो॥११॥
कहि रामुजीव साँवर लक्ष्मिन गोर हो।
कीघहुँ राजि कौसिलहिं परिगा भोर हो॥
राम अहहिं दशरथ के लक्ष्मन आनक हो।
भरत शत्रुघ्न भाइ तो श्रीरघुनाथ क हो॥१२॥
आजु अवधपुर आनन्द नहछू राम कहो।
चलहु नयन भरि देखिय सोभाधाम कहो॥
अति बड़भाग नउनियाँ छुऐ नख हाँथ सो हो।
नैनन्ह करति गुमान तौ श्रीरघुनाथ सोहो॥१३॥
जो पगु नाउनि धोवइ राम धोवावई हो।
सो पगु धूरि सिद्ध मुनि दरस न पावई हो॥

अतिसय पुहुँप कमाल राम उर सोहइ हो।
तिरछी चितवनि आनन्द मुनिमुख जोहइ हो॥१४॥
नख काटत मुसुकाहिं नहिं जातहि हो।
पदुम राग-मुनि मानहूँ कोमल गातहिं हो॥
नावक रुचि के अँगुरियन्ह मृदुल सुगारी हो।
प्रभुकर चरन प्रछातल अति सुकुमारी॥१५॥
भइ निवछावरि बहु विधि जो जस लायक हो।
तुलसीदास बलि जाऊ देखि रघुनायक हो॥
राजन दीन्हे हाथी रानिन्ह हार हो।
भरिगे रतन पदारथ सूप हजार हो॥१६॥
भरि गाड़ी निवछावरिनाऊ जेइ आवइ हो।
परिजन करहिं निहाल असीसत आवइ हो॥
तापर करहिं सुभौज बहुत दुख खोबहिं हो।
होइ सुखी सब लोग अधिक दुख खोबहिं हो॥१७॥
गावहिं सब रनिवास देहि प्रभु गारी हो।
राम लाल सकुचाहिं देखि महतारी हो॥
हिलमिल करत सवाँग समा रस केलि हो।
नाउनि मन हरषाई सुगन्ध मेल हो॥१८॥
दूलह के महतारी देखिं मन हरषइ हो।
कोटिन्ह दीन्हेउ दान मेघ जनु बरषइ हो॥
रामलला कर नहछू अति सुख गाइय हो।
जेहि गाय सिधि होय परमानिधि पाइय हो॥१९॥
दशरथ राम सिंहासन बैठि बिरजहिं हो।
तुलसीदास बलि जोहि देखि रघुराजहिं हो॥

जे यह नहछू गावै गाइ सुनवाइ हो।
ऋषि सिद्धि कल्याण मुक्ति नर पावई हो ॥२०॥

श्री सीताराम

सीताराम सीताराम सीताराम क़हिये।
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये॥
मुख में हो राम नाम राम सेवा हाथ में।
तू अकेला नहिं प्यारे राम तेरे साथ में।
विधि का विधान जान हानि लाभ रहिये॥
सीताराम.................. ॥

किया अभिमान तो फिर मान नहीं पायेगा।
होगा प्यारे वही जो श्री राम जी को भायेगा।
फल आशा त्याग शुभ काम करते रहिये॥
जाहि विधि राखे............. ॥

जिन्दगी की डोर सौंप हाथ दीना नाथ के।
महलों में राखे चाहे झौंपड़ी में वास दे।
धन्यवाद निर्विवाद राम राम कहिये॥
जाहि विधि राखे............ ॥

आशा एक राम जी से दूजी आशा छोड़ दे।
नाता एक राम जी से दूजा नाता तोड़ दे।
साधु संग राम रंग अंग अंग रंगिये।
काम रस छोड़ प्यारे राम रस पगिये।
जाहि विधि राखे............ ॥

सन्तवाणी–सत्य ज्ञानमृत

गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागू पांय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय॥१॥
गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिलै न मोष।
गुरु बिन लखै न सत्य को, गुरु बिन मिटै न दोष॥२॥
अबुध सुबुध सुत मातु पितु, सबहिं करै प्रतिपाल।
अपनी ओर निबाहिये, सिख सुत गहि निज चाल॥३॥
चारि खानि में भरमता, कबहु न लगता पार।
सो फेरा सब मिटि गया, सत्‌गुरु के उपकार॥४॥
जग में युक्ति अनूप है, साधु संग गुरु कान।
तामे निपट अनूप है, सतगुरु लागा ज्ञान॥५॥
गुरु लोभी शिष लालची, दोनों खेल दाँव।
दोनों बूड़े बापुरे, चढ़ि पाथर की नाँव॥६॥
गुरु गुरु में भेद है, गुरु गुरु में भाव।
सोइ गुरु नित बन्दिये, शब्द बतावे दाव॥७॥
सो गुरु निसदिन बन्दिये, जासों पाया राम।
नाम बिना घट अंध है, ज्यों दीपक बिन धाम॥८॥
गुरु नाम है गम्य का, शीष सीख ले सोय।
बिनु पद बिनु मरजाद नर, गुरु शीष नहिं कोय॥९॥
गुरु तो ऐसा चाहिए, शिष्य सों कछू न लेय।
शिष्य तो ऐसा चाहिए, गुरु को सब कुछ देय॥१०॥
गुरु कीजै जानि के, पानी पीजै छानि।
बिना बिचारे गुरु करे, परै चौरासी खानि॥११॥

जैसा ढूँढत मैं फिरूँ, तैसा मिला न कोय।
ततवेता तिरगुन रहित, निरगुन सों रत होय॥१२॥
साधु भूखा भाव का, धन का भूखा नाहिं।
धन का भूखा जो फिरै, सो तो साधु नाहिं॥१३॥
बिरछा कबहुँ न फल भखै, नदी न संचै नीर।
परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर॥१४॥
जाति न पूछो साधु की, पूछि लीजिए ज्ञान।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥१५॥
तीरथ न्हाये एक फल, साधु मिले फल चार।
सतगुरु मिले अनेक फल, कहैं कबीर विचार॥१६॥
साधु कहावन कठिन है, ज्यों खांड़े की धार।
डगमगाया तो गिर पड़े, निहचल उतरे पार॥१७॥
साधु कहावन कठिन है, लम्बा पेड़ खजूर।
चढ़ै तो चाखे प्रेम रस, गिरै तो चकनाचूर॥१८॥
आसन तो एकान्त करैं, कामिनी संगत दूर।
शीतल संत शिरोमनी, उनका ऐसा नूर॥१९॥
यह कलियुग आयो अबै, साधु न मानै कोय।
कागी क्रोधी मसखरा, तिनकी पूजा होय॥२०॥
बाना पहिरे सिंह का, चलै भेड़ की चाल।
बोली बोले सियार की, कुत्ता खावै काल॥२१॥
माला तिलक लगाय के, भक्ति न आई हाथ।
दाढ़ी मूंछ मुडाय के, चले दुनी के साथ॥२२॥
तन को जोगी सब करै, मन को करै न कोय।
सहजै सब विधि पाइये, जो मन जोगी होय॥२३॥

मन मैला तन ऊजरा, बगुला कपटी अंग।
तासौं तो कौवा भला, तन मन एकहि अंग॥२४॥
बोली ठोली मसखरी, हंसी खेल हराम।
मद माया औ इस्तरी, नहिं सन्तन के काम॥२५॥
घर में रहै तो भक्ति करु, नातर करु बैराग।
बैरागी बन्धन करै, ताका बड़ा अभागा॥२६॥
मांगन मरण समान है, तोहि दई मैं सीख।
कहैं कबीर समुझाय के, मति कोई माँगै भीख॥२७॥
माँगन गये सो मर रहे, मरै जु माँगन जांहि।
तिनतैं पहले वे मरे, होत करत हैं नाहिं॥२८॥
जा घर गुरु की भक्ति नहीं, संत नहीं मिहमान।
ता घर जम डेरा दिया, जीवत भये मसान॥२९॥
मथुरा काशी द्वारिका, हरिद्वार जगन्नाथ।
साधु संगति हरिभजन बिन, कछु न आवै हाथ॥३०॥
ऊँचे कुल कह जनमिया, करनी ऊँच न होय।
कनक कलश मद सो भरा, साधुन निन्दा सोय॥३१॥
जीवन जोबन राज मद, अविचल रहै न कोय।
जु दिन जाय सत्संग में, जीवन का फल सोय॥३२॥
जब लग नाता जाति का, तब लग भक्ति न होय।
नाता तोड़े गुरु भजै, भक्त कहावै सोय॥३३॥
प्रेम बिना जो भक्ति है, सो निज दंभ विचार।
उदर भरन के कारन, जन्म गँवाये सार॥३४॥
कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय।
भक्ति करै कोई सूरमा, जाति बरन कुल खोय॥३५॥

तिमिर गया रवि देखते, कुमति गयी गुरु ज्ञान।
सुमति गयी अति लोभते, भक्ति गयी अभिमान॥३६॥
प्रेम न बाड़ी उपजै, प्रेम न हाट बिकाय।
राजा परजा जो रुचै, शीश देय ले जाय॥३७॥
जब मैं था तब गुरु नहीं, अब गुरु हैं मैं नाहिं।
प्रेम गली अति सांकरी, तामें दो न समाहिं॥३८॥
आठ पहर चौसठ घड़ी, लागि रह अनुराग।
हिरदै पलक न बीसरे, तब साँचा बैराग॥३९॥
प्रेम पंथ में पग धरै, देत न शीश डराय।
सपने मोह व्यापे नहिं, ताको जन्म नशाय॥४०॥
राम जपत कुष्टी भला, चुइ चुइ पैर जु चाम।
कंचन देह किस काम की, जो मुख नाहीं राम॥४१॥
राम जपत दरिद्री भला, टूटी घर की छान।
कंचन मन्दिर जारि दे, जहाँ न सतगुरु ज्ञान॥४२॥
कोटि नाम संसार में, ताते मुक्ति न होय।
आदि नाम जो गुप्त जप, बिरला जाने कोय॥४३॥
राम नाम निज औषधि, सतगुरु दई बताय।
औषधि खाय अरु पथ रहै, ताकी बेदन जाय॥४४॥
जाकी गांठी राम है, ताके हैं सब सिद्धि।
कर जोड़े ठाढ़ी सबै, अष्ट सिद्धि नव निद्धि॥४५॥
सुख के माथे शिल परै, राम हृदय से जाय।
बलिहारी या दुःख की, पल पल राम रटाय॥४६॥
लेने को गुरु नाम है, देने को अन दान।
तरने को आधीनता, बूड़न को अभिमान॥४७॥

माला फेरत युग गया, मिटा न मन का फेर।
करका मनका डारिदे, मनका मनका फेर॥४८॥
माला तो कर में फिरै, जीभ फिरै मुख मांहि।
मनवा तो चहुँ दिशि फिरै, यह तौ सुमिरन नांहि॥४९॥
क्रिया करै अंगुरि गिनै, मन धावै चहुँ ओर।
जिहि फेरै सांई मिलै, सो भय काठ कठोर॥५०॥
जो तोको कांटा बुवै, ताहि बुवै तू फूल।
तोहि फूल को फूल है, वाको है तिरशूल॥५१॥
दुरबल को न सताइये, जाकी मोटी हाय।
बिना जीव की साँस से, लोह भस्म ह्वै जाय॥५२॥
या दुनिया में आय के, छांडि देय तू ऐंठ।
लेना है सो लेय के, उठि जात है पैंठ॥५३॥
खाय पकाय लुटाय के, करि ले अपना काम।
चलती बिरिया रे नरा, संग न चलै छदाम॥५४॥
ऐसी बानी बोलिये, मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करै, आपहु शीतल होय॥५५॥
जग में बैरी कोय नहीं, जो मन शीतल होय।
या आपा को डारि दे, दया करे सब कोय॥५६॥
राम नाम सुमिरन करै, सतगुरु पद निज ध्यान।
आतम पूजा जीव दया, लहै सो मुक्ति अमान॥५७॥
जो जल बाढ़े नाव में, घर में बाढ़ै दाम।
दोनों हाथ उलीचिये, यही सयानों काम॥५८॥
मरेंगे मरि जायेंगे, कोय न लेगा नाम।
ऊजड़ जाय बसाहिंगे, छोड़ि बसन्ता गाम॥५९॥

एक दिन ऐसा होयगा, सब सों परै बिछोह।
राजा रानी राव रंक, सावध क्यों नहिं होय॥६०॥
हाड़ जरै ज्यौं लाकड़ी, केस जरै ज्यों घास।
सब जग जरता देखि करि, भये कबीर उदास॥६१॥
पानी केरा बुदबुदा, इस मानुष की जात।
देखत ही छिप जायेंगे, ज्यौं तारा प्रभात॥६२॥
रात गंवाई सोय कर, दिवस गंवायो खाय।
हीरा जनम अमोल था, कौड़ी बदले जाय॥६३॥
काल करै सो आज कर, आज करै सोब अब।
पल में परलय होयगी, बहुरि करेगा कब॥६४॥
राम नाम जाना नहीं, पाला सकल कुटुम्ब।
धन्धा ही में पचि मरा, बार भई नहिं बुम्ब॥६५॥
कहा किया हम आयके, कहा करेंगे जाय।
इत के भये न ऊत के, चालू मूल गँवाय॥६६॥
आयें हैं ते जायेंगे, राजा रंक फकीर।
एक सिंघासन चढ़ि चले, एक बांधे जात जंजीर॥६७॥
एक दिन ऐसा होयगा, कोय काहु का नांहि।
घर की नारी को कहै, तन की नारी जांहि॥६८॥
चले गये सो ना मिले, किसकी पूंछु बात।
मात पिता सुत बान्धवा, झूठ सब संघात॥६९॥
जंत्र मंत्र सब झूठ है, मति भरमो जग कोय।
सार शब्द जानै बिना, कागा हंस न होय॥७०॥
कर्म फंद जग फंदिया, जप तप पूजा ध्यान।
जाहि शब्द ते मुक्ति होय, सो न परा पहिचान॥७१॥

निज स्वारथ के कारनै, सेव करै संसार।
बिन स्वारथ भक्ति करै, सो भावै करतार॥७२॥
संसारी से प्रीतड़ी, सरै न एकौ काम।
दुविधा में दोनो गयें, माया मिली न राम॥७३॥
मरूँ पर माँगूं नहीं, अपने तन के काज।
परमारथ के कारनै, मोहि न आवै लाज॥७४॥

सीताराम के भजन

भजो हो मन सीताराम, मिटे दुखद्वंदना॥टेक॥
जाकी जगत भुलाया, ताताथोई, तंदना॥
ब्रह्मा जाको पार न पावै, गावै सनक सनंदना॥
देवकी के गृह में प्रभु आये, जैसे पूरण चन्द्रमा॥
सुर नर मुनि जाको ध्यान धरत हैं साधु करत हैं वंदना॥
हिरणाकुश नख उदर विदारे, श्री प्रहलाद को राखना॥
बलिराजा के द्वार पधारे, वेष धरे हैं वामना॥
मथुरा में हरि कंस पछारे लंकापति रावना॥
द्रुपदसुताको चीर बढ़ायो काली नागहि नाथना॥
औरन कूँ हरि ये टेढ़े हैं, नंद यशोदा लालना॥
साधुन को हरि ऐसे लागें, जैसे शीतल चांदना॥
भनत नामदेव सुनो सुलोचन साधू निंदक नाशना॥१॥

सुमिरो मन जय जय जय अवधेश॥टेक॥
अवध नगर कञ्चनपुर राजै बिहरत श्री सीतेश॥
भाल तिलक गल हीरा सोहे शिर घुँघरवाले केश॥
कटि पर पीत पीतांबर राजै रूप धरे नृप भेष॥

शुक सनकादि नारदमुनि गावैं सेवत शम्भु गणेश॥
सुर नर मुनि जय शब्द करतु हैं वरषत पुष्प हमेश॥
रामचरण रघुवीर को दरशन हरै मनोहर वेष॥२॥

वन से आवत चारों भैया॥टेक॥

दोउ श्यामल दोउ गौर मनोहर, नृप दशरथ के छैयां॥
वन ते आवत तुरंग नचावत, कर गहि कमल फिरैया॥
अवधपुरी नर नारि निहारैं, द्वौ कर लेत बलैया॥
विविध भांति आभूषण पहिरे मन्द मन्द मुसुकैया॥
रामलाल को रूप विलोके, कोटि काम छबि छैया॥
रघुवर लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न, शोभा वरणि न जैया॥
अग्रदास प्रभु की छबि निरखत करत आरती मैया॥३॥

अयोध्या राजत भूमि कनक की॥टेक॥

रङ्ग भूमि राजत रघुनन्दन, सँग में सुता जानकी की॥
रवि शशि कोटि उदित हम देखे, जोरी बनी है बनत की।
रघुवर लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न, सन्मुख हैं हनुमान बली।
मातु कौशल्या करत आरती, जय जय जय रघुवर की॥
ठुमक ठुमक महलन में बिहरैं, रुमक झुमक पग नुपूर की॥
कृपा निवास कहाँ लगि वरणौं महिमा श्री अवध नगर की॥४॥

भजो मन रामचरण सुखदाई॥टेक॥

निज चरणन ते निकसि सुरसरी, शंकर जटा समाई॥
जटाशंकरी नाम धरो है, त्रिभुवन तारण आई॥
जिन चरणन की चरण पादुका, भरत रहे लव लाई॥
सो केवट कठरी में धोइ लीनो तब हरि नाव चढ़ाई॥
दण्डकवन प्रभु पावन कीन्हों ऋषियन त्रास मिटाई॥
सो ठाकुर तीनों लोक के स्वामी, कपट मृगा संग धाई।

कपि सुग्रीव बन्धु भय व्याकुल, ता शिर छत्र चढ़ाई।
रिपु को अनुज विभीषण भेंटो परसत लंका पाई।
शिव सनकादि आदि ब्रह्मादिक, शेष सहस मुख गाई।
तुलसीदास मारुतसुत महिमा, हरि अपने मुख गाई ॥५॥

भजु मन कृष्णचरण सुखदाई ॥टेक॥

जिन चरणन की चरण पादुका, सिन्धुसुता मन लाई ॥
जय जय कृष्ण कमल दल लोचन, दुखमोचन सुखदाई।
जिन चरणन के अरस परस ते, थाह यमुन होई जाई।
नन्द भवन में जाय विराजे, यशुमति के सुखदाई।
सो पूरण वसुदेव देवकी, निरखि परम सुख पाई।
छूटे बन्द कपाट उघारे, देव सुमन झरि लाई।
पूतना परसि परम गति दीनो, गृहा देखि बिसराई।
गोवर्धन ब्रज राखि मनोहर, कालिनाग नथि ल्याई।
कुब्जा तो चन्दन घसि ल्याई, परस परम पद पाई ॥
उग्रसेन को राजतिलक दियो, जरासंध दुखदाई।
कुन्ती पुत्र बन्धु भय व्याकुल, ता शिर छत्र चढ़ाई ॥
विप्र सुदामा हरि पद भेंटे कंचनपुरी बसाई।
शिव सनकादि आदि ब्रह्मादिक, निगम नेति यश गाई ॥
चेतनदास संत के शरणै, पुलक नयन जल छाई ॥६॥

सांचे मन के मीता, रघुवर ॥टेक॥

कब सेवरी काशी को धाई, कब पढ़ि आई गीता ॥
जूँठे फल सेवरी के खाये, नेक लाज नेहिं कीता ॥
चरण छुअत तरि गई अहिल्या, गिद्धवराज गति कीता ॥
लंकापति को गर्व हरो है, राज विभीषण दीता ॥
मित्र सुग्रीव किये रघुनन्दन, वानर किये पुनीता ॥

सखा निषाद कन्द फल लायो, कीनो अधिक प्रतीता॥
सुफल यज्ञ मुनि जनक को कीनो, सब भूपन बल जीता॥
तुलसीदास छबि निरखि जानकी, मनवांछित फल लीता॥७॥

राम जपा सोई जीता जग में॥टेक॥

हाथ सुमिरनी बगल कतरनी, पढ़े भागवत गीता॥
हृदय शुद्ध कीन्हो नहिं अबहूँ कहत सुनत दिन बीता॥
आन देव की लज्जा कीनी, हरि से रहा अलीता॥
धन यौवन तेरो योंहि जायगो अंत समय चल रीता॥
बावरिया ने बावरि लूटी फन्दजाल सब कीता॥
कहत कबीर काल जो मारे, ज्यों मिरगा को चीता॥८॥

साधो भाई गगन घटा घहरानी॥ टेक॥

पश्चिम दिशा से उठी बदरिया पूरब ओर से पानी॥
चन्द्र सूर्य दोउ ईश बनाई, ज्योति कियो निरबानी।
अपनी अपनी ओर संभारो, बहि न जाय यह पानी॥
शील संतोष की करो बयारी ज्ञान कि बेल लगावो॥
दूब घास मदुरी उलटावो बोओ हर की घानी।
चिन्ता चेतन दोउ चौक में बैठे चूक न जाय मेरी बानी।
भृकुटी बाण हाथ कर राखो, गुरु गम गोलादानी॥
उपजा खेत रासि घर आई, आनन्द मङ्गल खानी॥
राजा वासे कबहुँ न बोलै, निर्भय भई किसानी॥
जिनको सतगुरु पूरो मिले हैं, तिन यह मारग जानी॥
कहत कबीर सुनो भाई साधो, राम नाम निज जानी॥९॥

मन रे, तू चित्रकूट बस भाई॥टेक॥

जहाँ राम सुखधाम जानकी, संग लक्ष्मण सुखदाई॥
पयसरणी पापन की हरणी, ताको क्यों न नहाई॥

जो गंगा देवन को दुर्लभ सो अनसूया माई॥
जो रज को ब्रह्मा शिव नारद मुनि खोजत मन लाई॥
जो पद रेणु सुरन को दुर्लभ, ले शिव शीश चढ़ाई॥
चित्रकूट द्रुम गुहा कन्दरा, जहाँ बिहरत रघुराई॥
राम कृपा भजु जानकी बल्लभ, और न आन उपाई॥१०॥
सन्त चरण चित लाई मन रे तू सन्त चरण चित लाई॥टेक॥
कलिमल हरण चरण सन्तन के सुमिरत होत सहाई॥
गंगा यमुना और सरस्वती, तीरथ सकल चले अन्हाई॥
जहँ जहँ चरण परत सन्तन के तहँ तहँ होत सहाई॥
संत चरण देखत जौ पावै, सात समुद्र फिरि आई॥
काम क्रोध मद लोभ विषय वश इनसों लेत छोड़ाई॥
सब मुनीन्द्र नारददि कवीश्वर वेद पुराणन गाई॥
शेष सहस मुख रटत निरन्तर महिमा तिन नहिं पाई॥
सूर अग्र सब सन्त आदि ले, तुलसीदास मन लाई॥
रामदास संतन की महिमा हरि अपने मुख गाई॥११॥
सन्तन के वश भाई, हरिजी सन्तन के वश भाई॥टेक॥
जाति वरण कुल जानत नाहीं लोग करैं चतुराई॥
शबरी जाति भिल्लिनी होती, बेर तोर के लाई॥
प्रीति जानि वाके फल खाये, तीनिउ लोक बड़ाई॥
कर्मा कौन अचारिन होती, हरिसों प्रीति लगाई॥
छप्पन भोग अरोगे प्रभु तुम पहिले खिचरी खाई।
नामा पीपा औ रैदासा, उनहुँ से प्रीति लगाई।
सैना भक्त को संशय मेटो, आप भये हरि नाई॥
सहस अठासी ऋषि मुनि होते, तबहुँ न शंख बजाई॥
कहत कबीर स्वाती के आये, शंख मगन होइ गाई॥१२॥

हरसों लगे रहो मोरे भाई० ॥टेक॥
ऐसे जतन करो मन मेरे, राम बिसरि जनि जाई॥
लागे ध्रुव प्रहलाद विभीषण, गनिका सदन कसाई॥
नामदेववर दास कबीरा, पीपा मीरा बाई॥
लंका लागे बङ्का लागे, लागै सैना नाई॥
कहा कहौं सेबरी की महिमा मोसे वरणि न जाई॥
निपट सनेह करो साधुन से छाँड़ि कपट चतुराई॥
दया धर्म हृदय में राखो सहज मिलैं रघुराई॥
जो हठ ध्यान धरत घट भीतर, और न आन उपाई॥
राम कृपा भज जानकिवल्लभ, तीनहुँ लोक बड़ाई॥१३॥

अब तो राम भजन कर भाई, अं० ॥टेक॥
घड़ी घड़ियाल बाजि रहे बाजा, पहर पहर सहनाई॥
राम भजन बिन बृथा जात है काल निशान बजाई॥
जाकी आशा करत हो आगे, मनुष देह नर पाई॥
करनी तो कछु बनि नहिं आवै अब कर भजन सवाई॥
जो यह अवसर चूके पामर, फिरिकै नहीं भलाई॥
लख चौरासी योनि के माहीं, भटकत ही मर जाई॥
बिन हरिभजन भला नहिं तेरा, सत्य कहौं मैं राम दुहाई॥
रामहिं राम रटो निशिवासर अतिशय प्रीति लगाई॥
नानकदास राम भजु भाई, हितचित से लौ लाई॥
ऐसे संत पुकार कहत हैं दोऊ भुजा उठाई॥१४॥

राम नाम निसतारै जब तब॥टेक॥
साठ घड़ी में एक घड़ी भज, सोइ सकल अघ जारै॥
काशीपुरी बसत गौरीपति, निशिदिन नाम उचारैं॥

कीटपतंग सुनत गति पावै, रघुकुल यश बिस्तारै॥
अजामेल गणिका गृहवासी, सुतहित नाम उचारैं॥
गज औ गिद्ध तरे हरि सुमिरत महिमा व्यास बिचारैं॥
परम पुनीत राम रघुवर को, हरि जन हरिरस गावैं॥
नामदेव सोइ संत शिरोमणि, चितसों क्षण न बिसारैं॥१५॥
ऐसी भक्ति मोहिं भावै ऊधोजी० ॥टेक॥
सरबस त्याग मगन होइ नाचै, जन्म कर्म गुण गावै॥
कथनी कथै निरन्तर मेरी चरणकमल चित लावै॥
मुख मुरली नयनन जल, धारा कर से ताल बजावै॥
जहँ जहँ चरण देत जन मेरो, सकल तिरथ चलि आवैं॥
उनके पदरज अंग लगावैं, कोटि जन्म सुख पावैं॥
उन मूरति मो हृदय बसतु है, मेरी सुरति लगावै॥
बलि बलि जाऊँ श्री मुख बानी, सूरदास बलि जावै॥१६॥

श्रीराम चालीसा

श्री रघुवीर भक्त हितकारी, सुनि लीजै प्रभु अरज हमारी।
निशि दिन ध्यान धरै जो कोई, ता सम भक्त और नहिं होई।
ध्यान धरे शिवजी मन माहीं, ब्रह्मा इन्द्र पार नहिं पाहीं।
जय जय जय रघुनाथ कृपाला, सदा करो सन्तन प्रतिपाला।
दूत तुम्हार वीर हनुमाना, जासु प्रभाव तिहूँ पुर जाना।
तव भुज दण्ड प्रचण्ड कृपाला, रावण मारि सुरन प्रतिपाला।
तुम अनाथ के नाथ गोसाईं, दीनन के हो सदा सहाई।
ब्रह्मादिक तव पार न पावैं, सदा ईश तुम्हरो यश गावैं।
चारिउ वेद भरत हैं साखी, तुम भक्तन की लज्जा राखी।
गुण गावत शारद मन माहीं, सुरपति ताको पार न पाहीं।

नाम तुम्हार लेत जो कोई, ता सम धन्य और नहिं होई।
राम नाम है अपरम्पारा, चारिउ वेदन जाहि पुकारा।
गणपति नाम तुम्हारो लीन्हौ, तिनको प्रथम पूज्य तुम कीन्हौ।
शेष रटत नित नाम तुम्हारा, महि को भार शीश पर धारा।
फूल समान रहत सो भारा, पाव न कोउ तुम्हारो पारा।
भरत नाम तुम्हरो उर धारो, तासों कबहु न रण में हारो।
नाम शत्रुहन हदय प्रकाशा, सुमिरत होत शत्रु कर नाशा।
लषन तुम्हारे आज्ञाकारी, सदा करत सन्तन रखवारी।
ताते रण जीते नहिं कोई, युद्ध जुरे यमहूं किन होई।
महालक्ष्मी धर अवतारा, सब विधि करत पाप को छारा।
सीता नाम पुनीता गायो, भुवनेश्वरी प्रभाव दिखायो।
घट सों प्रकट भई सो आई, जाको देखत चन्द्र लजाई।
सो तुमरे नित पाँव पलोटत, नवों निद्धि चरणन में लोटत।
सिद्धि अठारह मंगलकारी, सो तुम पर जावै बलिहारी।
औरहु जो अनेक प्रभुताई, सो सीतापति तुमहिं बनाई।
इच्छा ते कोटिन संसारा, रचत न लागत पल की वारा।
जो तुम्हरे चरणन चित लावै, ताकी मुक्ति अवसि हो जावै।
जय जय जय प्रभु ज्योति स्वरूपा, निर्गुण ब्रह्म अखण्ड अनूपा।
सत्य सत्य सत्य ब्रत स्वामी, सत्य सनातन अन्तर्यामी।
सत्य भजन तुम्हरो जो गावै, सो निश्चय चारों फल पावै।
सत्य शपथ गौरिपति कीन्हीं, तुमने भक्तिहिं सब सिद्धि दीन्हीं।
सुनहु राम तुम तात हमारे, तुमहिं भरत कुल पूज्य प्रचारे।
तुमहिं देव कुल देव हमारे, तुम गुरुदेव प्राण के प्यारे।
जो कुछ हो सो तुम ही राजा, जय जय जय प्रभु राखो लाजा।
राम आत्मा पोषण हारे, जय जय जय दशरथ दुलारे।

ज्ञान हृदय दो ज्ञान स्वरूपा, नमो नमो जय जगपति भूपा।
धन्य धन्य तुम धन्य प्रतापा, नाम तुम्हारा हरत संतापा।
सत्य शुद्ध देवन मुख गाया, बजी दुन्दुभी शंख बजाया।
सत्य सत्य तुम सत्य सनातन, तुम ही हो हमारे तन मन धन।
याको पाठ करे जो कोई, ज्ञान प्रकट ताके उर होई।
आवागमन मिटै तिहि केरा, सत्य वचन माने शिव मेरा।
और आस मन में जो होई, मनवांछित फल पावे सोई।
तीनहूँ काल ध्यान जो ल्यावैं, तुलसी दल अरु फूल चढ़ावैं।
साग पत्र सो भोग लगावैं, सो नर सकल सिद्धता पावैं।
अन्त समय रघुवर पुर जाई, जहां जन्म हरि भक्त कहाई।
श्री हरिदास कहै अरु गावै, सो बैकुण्ठ धाम को जावै।
दोहा—सात दिवस जो नेम कर, पाठ करे चित लाय।
हरिदास हरि कृपा से, अवसि भक्ति को पाय॥
राम चालीसा जो पढ़े, राम चरण चित लाय।
जो इच्छा मन में करै, सकल सिद्ध हो जाय॥

आरती श्री रघुवर जी की

आरती कीजै श्री रघुवर जी की, सत् चित् आनन्द शिव सुन्दर की।
दशरथ तनय कौशल्या नन्दन, सुर मुनि रक्षक दैत्य निकन्दन।
अनुगत भक्त भक्त उर चन्दन, मर्यादा पुरुषोत्तम वर की।
निर्गुण सगुण अनूप रूप निधि, सकल लोक वन्दित विभिन्न विधि।
हरण शोक-भय दायक नव निधि, माया रहित दिव्य नर वर की।
जानकी पति सुर अधिपति जगपति, अखिल लोक पालक त्रिलोक गति।
विश्व वन्द्य अवन्ह अमित गति, एक मात्र गति सचराचर की।
शरणागत वत्सल व्रतधारी, भक्त कल्प तरुवर असुरारी।
नाम लेत जग पावनकारी, वानर सखा दीन दुख हर की।

श्री राम कवचम्

श्रीसीतारामाभ्यां नमः ॥पार्वत्युवाच ॥

भगवन्सर्व देवेशसर्व देवनमस्कृतः।
सर्वं में कथितं देव राममन्त्रो विशेषतः॥१॥
त्रैलोक्यमोहनं नाम कवचं पूर्वसूचितम्।
कथयस्व महादेव यद्यहं तव वल्लभा॥२॥

॥ ईश्वर उवाच ॥

शृणु वक्ष्यामि देविशि! कवचं परमाद्भुतम्।
अत्यन्त गोपनं गुह्यं सर्व मन्त्रौध विग्रहम॥३॥

विनियोग-

ॐ अस्य श्रीराम त्रैलोक्यमोहन कवचस्य ब्रह्मा ऋषिर्गायत्रीछन्दः श्रीरामचन्द्रो देवता-मम चतुर्वर्गसाधने जपे विनियोगः।

॥अथ कवचम्॥

प्रणवो मे शिरः पातु तारको ब्रह्मरूपकः
अनन्तोऽग्न्यासनः सेन्दुर्नासामेकाक्षरोऽवतु॥१॥
रां रामाय नम इति षड्वर्णो भुक्तिमुक्तिदः।
भालंपाया नेत्रयुग्मं रामोद्व्क्षरसंज्ञकः॥२॥
क्लीं मे पायाच्छ्रोत्र युग्ममेकाक्षरश्च मोहनः।
क्लीं रामाय नम इति मुखं मे परिरक्षतु॥३॥
रां रामचन्द्राय स्वाहा अष्टार्णो मे भुजद्वयम्।
श्रीरामाय नम इति स्कन्धौ पातु खरान्तकः॥४॥

श्रीरामचन्द्राय रक्षोघ्नाय नम इति द्वादशाक्षरः।
हृदयं मे सदा पातु रघुवंशसमुद्भवः॥५॥
ह्रीं रामचन्द्राय नम इति पातु मे उरु युग्मकम्।
श्रीरामभद्राय स्वाहा नाभिमष्टाक्षरोऽवतु॥६॥
क्लीं रामभद्राय सीतायाः पतये नमः।
सक्थिनी सततं पातु राक्षसेन्द्र विमर्दकः॥७॥
प्रणवो रामचन्द्राय हृदित्यष्टाक्षरोऽवतु।
जानुनी मे सदापातु रक्षःकुल विनाशकः॥८॥
प्रणवो रामभद्राय द्विठान्तोऽष्टाक्षरोऽवतु।
पाद युग्मं सदा पातु वानरेन्द्र श्रियः प्रदः॥९॥
ह्रीं सीतापतये नमः प्राच्यां मां सर्वदाऽवतु।
ह्रीं जानकीवल्लभाय पातु याम्ये सदा प्रभुः॥१०॥
क्लीं जानकीनाथायेति प्रतीच्यां मां सदाऽवतु।
श्रीरघुनाथाय नमः कौबेर्य्यां दिशि रक्षतु॥११॥
ह्रुं जानकीवल्लभाय स्वाहग्न्येय्यां सदाऽवतु।
ॐ ह्रीं भरताग्रजायरामाय क्लीं
स्वाहेति पातु-मां नैर्ऋत्यां सदाप्रभुः॥१२॥
ॐ रां श्रीं जानकीवल्लभाय
स्वाहेति वायव्ये मां सर्वदाऽवतु।
ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं दाशरथये नम
इति ईशाने मां सर्वदाऽवतु॥१३॥
ॐ नमोभगवते ब्रूयाच्चतुर्थ्यां रघुनन्दनम्।
रक्षोघ्नविशदायेति मधुरादि समीरयेत्॥१४॥

प्रसन्नवदनायेति पश्चादमित तेजसे।
बलायपश्चाद्रामाय विष्णवे तदनन्तरम्॥१५॥
प्रणवादिनमोन्तं च मालामन्त्रमुदीरयेत्।
राजस्थाने सदा पातु रघुवंश समुद्भवः॥१६॥
ॐ नमोभगवते ब्रूयाद् रामाय तदनन्तरम्।
महापुरुषाय प्राच्य पश्चान्नम उदीरयेत्॥१७॥
इत्यष्टाक्षरोमन्त्रो मामेव सर्वदाऽवतु।
ध्यायेत्तु पुण्डरकाक्षं परंज्योतिः परात्परम्॥१८॥
राम एव परंब्रह्म सच्चिदानन्द लक्षणः।
इति ध्यात्वाजपेन्मत्रं भुक्तिमुक्ति प्रदायकम्॥१९॥

॥ अथ रामगायत्री ॥

ॐ दाशरथायविद्महे सीतावल्लभाय-
धीमहि तन्नोरामः प्रचोदयात्॥२०॥
इति श्रीरामगायत्री बीजमन्त्रप्रवर्द्धिनी।
गायत्री जपमात्रेण भुक्तिमुक्तिप्रदायिनी॥२१॥
इति ते कथितं देवि सर्वमन्त्रौध विग्रहम्।
त्रैलोक्यमोहनं नाम कवचं ब्रह्मरूपकम्॥२२॥
प्रातःकाले पठेद्यस्तु सोभीष्टं फलमाप्नुयात्।
पूजाकालेपठेद्यस्तु कवचं साधकोत्तमः॥२३॥
कीर्तिश्रीकान्तिमेधायुर्बृंहितो भवति ध्रुवम्।
राममन्त्रमयंब्रह्म कवचं मन्मुखोदितम्॥२४॥
गुरुमभ्यर्च्च विधिवत् कवचं हि पठेत्ततः।

द्वि सकृद्वा यथान्यायं सोऽपिपुण्यवतांवरः॥२५॥
देवमभ्यर्च्यविधिवत् पुरश्चर्य्यां समाचरेत्।
अष्टोत्तरशतंजप्त्वा दशांशं हवनादिकम्॥२६॥
ततस्तु सिद्धिकवचः सर्वकार्य्याणि साधयेत्।
मन्त्रसिद्धिर्भवेत्तस्य पुरश्चर्य्याविना ततः॥२७॥
गद्यपद्यमयीवाणी तस्यवक्त्रात्प्रवर्तते।
वक्त्रे तस्य वसेद्वाणी कमला निश्चलागृहे॥२८॥
पुष्पाञ्जल्यष्टकं दत्त्वा मूलेनैव पठेत्सकृत्।
अपविर्शसहस्राणां पूजायाः फलमाप्नुयात्॥२९॥
विलिख्य भूर्जपत्रेण स्वर्णस्थं धारयेद्यदि।
कण्ठे वा दक्षिणे बाहौ सकुर्य्याद्दासवजजगत्॥३०॥
त्रैलोक्यं क्षोभयत्येव त्रैलोक्य विजयी भवेत्।
तद्गात्रंप्राप्य शस्त्राणि ब्रह्मास्त्रादीनियानि च॥३१॥
माल्यानिकुसुमानीव सुखदानि भवन्ति हि।
स्पर्द्धामुद्धूय भवने लक्ष्मीर्वाणी मुखे वसेत्॥३२॥
इदंकवचमज्ञात्वा यो जपेद्राममन्त्रकम्।
शतलक्षप्रजप्तोऽपि न मन्त्रः सिद्धिदायकः॥३३॥
सशस्त्राघातमाप्नोति सोचिरान्मृत्युमाप्नुयात्।
सम्यग्ज्ञात्वा तु कवचं मन्त्रःस्याच्छीघ्र सिद्धिदः॥३४॥

॥इति श्रीब्रह्मयामलेतन्त्रे उमामहेश्वरसंवादे राम कवचं समाप्तम्॥